ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

संख्या : 274 /भाविवि/कुसका/2022 दिनांक : 30 मार्च, 2022

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी,
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषय:— "परीक्षा पर चर्चा" के पंचम संस्करण में छात्रों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप–सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–भा0स0–22/सत्तर–3–2022, दिनांक–30–मार्च–2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। उक्त पत्र के अनुपालन में दिनांक–01–04–2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में "परीक्षा पर चर्चा" (पंचम संस्करण) के सन्दर्भ में छात्रों से संवाद किया जाना है। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण डी0डी0 नेशनल चैनल पर किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी से अपेक्षित है कि प्रश्नगत कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों की सहभागिता कराये जाने हेतु अपने स्तर से जागरूक करने एवं प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति महोदय।
2. वित्त अधिकारी।
3. सहायक कुलसचिव।
4. वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त आदेश को छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ वेब–साइट पर उपलब्ध कराने हेतु।
5. श्री मोहसिन हैदर को इस आशय से प्रेषित है कि प्रश्नगत कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराये जाने की व्यवस्था दीक्षान्त हॉल में कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्बन्धित पत्रावली/गार्ड फाईल।

कुलसचिव।

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-0522-2774046
Website:- https://kmclu.ac.in/ Email:- upuafulucknow@gmail.com

संख्या–श्रा०प्र०-22/सत्तर–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. कुलपति,
समस्त राज्य/निजी
विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ: दिनॉक 30 मार्च, 2022

विषय:–"परीक्षा पर चर्चा" के पंचम संस्करण में छात्रों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में भारत सरकार के संलग्न पत्र संख्या–डी0ओ0नं06–3/2021–Desk(PM POSHAN) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि दिनांक 01.04.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे मा0 प्रधानमंत्री महोदय द्वारा तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में "परीक्षा पर चर्चा" (पंचम संस्करण) के सन्दर्भ में छात्रों से संवाद किया जाना है। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण डी0डी0नेशनल चैनल पर किया जायेगा।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने से सम्बन्धित संस्थान में प्रश्नगत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था कराते हुए अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:–यथोक्त।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या–श्रा०प्र०-22(1)/सत्तर–3–2022–तद्दिनॉक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(हरेन्द्र कुमार सिंह)
उप सचिव।

MB/HG O.